Title: Need to establish a Dairy Research Institute in Gorakhpur Parliamentary Constituency and also establish Regional Commercial Dairy Farming Training Centres in Uttar Pradesh-laid

श्री रवि किशन (गोरखपुर): उत्तर प्रदेश में निवास करने वाली जनसंख्या का अधिकाश भाग कृषि एवं पशुपालन पर आधारित है। पशुधन संख्या के दृष्टिकोण से उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है, अन्तिम पशुगणना के अनुसार प्रदेश में गोवंशीय / महिषवंशीय पशुओं की संख्या लाखों में है। उत्तर प्रदेश के पशुपालको की आय में वृद्धि करने तथा डेयरी प्रोडक्ट्स का उत्पादन दोगुना करने और खाद्य सुरक्षा को आत्म निर्भर एवं आत्म-संपन्न बनाने के साथ-साथ रोजगार एवं व्यापार के अवसर उत्पन्न कराने हेतु पशुपालन को व्यावसायिक डेयरी फार्मिंग से जोड़ना अत्यधिक बेहतर होगा। राज्य में व्यवसायिक डेयरी फार्मिंग की असीम सभावना है परन्तु समुचित प्रशिक्षण एवं वैज्ञानिक मार्गनिर्देशन प्राप्त न होने के कारण अपेक्षित लाभ प्राप्त नही होता । डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने एवं डेयरी प्रोडक्ट्स का उत्पादन दोगुना करने के उद्देश्य से राज्य के गोरखपुर जनपद डेयरी अनुसंधान संसथान स्थापित करने के साथ-साथ राज्य में 4 से 5 मण्डल पर एक चिन्हित मण्डल में मण्डलीय व्यवसायिक फार्मिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की नितान्त आवश्यकता हैं ।

प्रदेश के पशुपालको / डेयरी संचालकों को वैज्ञानिकों के कुशल निर्देशन में व्यवसायिक डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण सुनिश्चित किये जाने एवम् डेयरी अनुसंधान संस्थान स्थापित किये जाने से डेयरी प्रोडक्ट्स का उत्पादन दोगुना होगा जिससे डेयरी प्रोडक्ट्स का निर्यात होगा तथा खाद्य सुरक्षा को आत्म-निर्भर, आत्म-संपन्न होने के साथ-साथ रोजगार एवं व्यापार के अवसर उत्पन्न होंगे।

अतः सरकार से विनम्र अनुरोध हैं कि प्रदेश के पशुपालको एवं किसानों की आय में वृद्धि करने तथा प्रदेश में डेयरी प्रोडक्ट्स का उत्पादन दोगुना कराने और खाद्य सुरक्षा को आत्मनिर्भर व आत्मसंपन्न बनाने के साथ-साथ रोजगार एवं व्यापार के अवसर उत्पन्न कराने और प्रदेश के समग्र विकास हेतु डेयरी अनुसंधान संस्थान मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर में स्थापित करने सहित प्रदेश में 4 से 5 मण्डल पर एक चिह्नित मण्डल मे मण्डलीय व्यावसायिक डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण केन्द्र खोलने / विकसित करने के सम्बन्ध में सहमति प्रदान कर के सम्बन्धित डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के सम्बन्ध में मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करने की महती कृपा करें।